## महत्वपूर्ण एवं खास

### घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर एक प्रतिष्ठान पर कलेक्टर ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

**रायगढ़।** घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर एक मामले में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर गोयल ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को घरेलू सिलेण्डर के व्यवसायिक दुरूपयोग पर लगातार जांच व कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। रायगढ़ के अन्नपूर्णा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट की जांच खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया गया। जिसमें यहां घरेलू उपयोग वाला लाल सिलेण्डर (भर्ती 14.2 किलो ग्राम)का उपयोग होटल के चूल्हे में करना पाया गया। इस संबंध में होटल संचालक को नोटिस दिया गया। प्रकरण में संलग्न प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर होटल संचालक आनंद कुमार शर्मा द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरूपयोग किया जाना स्वीकार किया गया। इस मामले में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन)आदेश 2000 के कंडिका-3 (ग)एवं कंडिका-7.1 (ग)का स्पष्ट उल्लंघन के तहत जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा की धारा 3/7 (1 के अंतर्गत) आनंद कुमार शर्मा-अन्नपूर्णा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए घरेलू गैस सिलेण्डर को राजसात किया गया।

### विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 17 अक्टूबर

**रायगढ़।** विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 17 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर, रायगढ़ में होगा। प्रतियोगिता में 2 आयु वर्ग 0 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकेंगे। जिसमें खो-खो, हॉकी, वॉलीवाल, फुटबाल, एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर तवा फेंक), बास्केट बाल, बैडमिंटन, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकसी आदि खेलों को सम्मिलित किया गया है।

### अगामी तीन माह इन तिथियों में रद्द रहेगी सारनाथ एक्सप्रेस

**रायपुर (आरएनएस)।** सारनाथ एक्सप्रेस को 3 माह के लिए अलग-अलग दिनों में रद्द कर दिया गया है. 2 दिसंबर से 27 फरवरी तक अलग अलग दिनों में 15159/15160 छपरा- दुर्ग-छपरा नहीं चलेगी. हजारों यात्रियों ने महीनों पूर्व इस ट्रेन में कंफर्म टिकट ली थी लेकिन अब सभी टिकट रद्द हो गई है. इसकी वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सबसे ज्यादा पिंडदान करने प्रयागराज जाने वाले यात्री हलाकान होंगे. रेलवे ने 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस दिसंबर माह में 02, 04, 07, 09, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर, जनवरी माह में 01, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 जनवरी और फरवरी माह में 01, 03, 05, 08, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24 एवं 26 फरवरी को नहीं चलेगी. इसी तरह 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को दिसम्बर माह में 03, 05, 08, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29 एवं 31 दिसंबर, जनवरी माह में 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28 एवं 30 जनवरी और फरवरी माह में 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25 एवं 27 फरवरी, 2025 को यह गाड़ी नहीं चलेगी।

### गाड़ी संख्या 08528 विशाखपट्टनम-रायपुर की समय सारणी में 20 से परिवर्तन

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी बेहतर यात्रा सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 08528 विशाखपट्टनम -रायपुर की समय सारणी में 20 अक्टूबर, 2024 से परिवर्तन किया जा रहा है । परिवर्तित समय सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 08528 विशाखपट्टनम-रायपुर एक्सप्रेस विशाखपट्टनम से सुबह 04.25 बजे रवाना होकर रात्रि 19.45 बजे रायपुर पहुंचेगी। वर्तमान में गाडी विशाखपट्टनम से सुबह 06.30 बजे रवाना होकर रात्रि 20.00 बजे रायपुर पहुचती हैं।

### मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो फ्लाईट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जाता है कि उड़ान भरने के 12 मिनट बाद ही फ्लाईट के विंडशील्ड में दरार आ गई जिसके चलते तत्काल फ्लाईट को वापस उतार लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर एक बजकर 12 मिनट पर इंडिगो की फ्लाइट ने जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाईट को अभी हवा में 12 मिनट ही हुए थे कि फ्लाईट की विंडशील्ड में दरार देखी गई। और आपात स्थिति में फ्लाइट को सुरक्षित वापस उतार लिया गया। बताया जाता है कि जैसे ही फ्लाइट को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई वैसे ही विंडशील्ड टूट गया। बताया जाता है कि फ्लाइट में 70 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित है।

# चावल जमा करने में लापरवाही बरतने वाले राइस मिलर्स की बैंक गारंटी राजसात करने के कलेक्टर गोयल ने दिए निर्देश

- आंगनबाड़ियों में भर्ती प्रक्रिया जल्द करें पूरी- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- कलेक्टर गोयल ने पुलों के गुणवत्ता परीक्षण कर सर्वे रिपोर्ट देने के लिए किया निर्देशित, ढिमरापुर और केवड़ाबाड़ी पुलिया के चौड़ीकरण के लिए भी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा
- कलेक्टर गोयल ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**

कलेक्टर गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। रायगढ़ जिले में पंजीकृत राईस मिलरों से किये गये अनुबंध अनुसार शासन से धान उठाव के विरुद्ध कस्टम मींलिग चावल जमा कराया जा रहा है जिसमें कुछ राईस मिलरों द्वारा चावल जमा करने में लापरवाही बरतने की बात सामने आने पर कलेक्टर गोयल ने उनके द्वारा जमा बैंक गारंटी को राजसात करने के निर्देश समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर गोयल ने स्कूली बच्चों के अपार आईडी बनाने के संबंध में शिक्षा विभाग से जानकारी ली। डीईओ ने बताया कि अपार आईडी के लिए जानकारी ऑनलाइन दर्ज व वेरिफाई कर बच्चों के अपार आईडी बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर गोयल ने अगली बैठक से संकुल वार अपार आईडी बनाने की समीक्षा की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने तिमाही परीक्षाओं के बाद रिजल्ट की समीक्षा और यूनिट टेस्ट के विश्लेषण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर गोयल ने बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा की। शहरी क्षेत्र में कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति को लेकर उन्होंने असंतोष जताया और गति बढ़ाने के निर्देश सीपीएम को दिए। उन्होंने सभी बीएमओ से कहा कि वे अपने विकासखंड में पंचायतों में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की मॉनिटरिंग करें, हर हफ्ते आयुष्मान कार्ड निर्माण की जानकारी अब उनसे ली जाएगी। इसके साथ कलेक्टर गोयल ने राशन कार्ड के ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा भी बैठक में की और इसमें भी प्रोग्रेस लाने के निर्देश दिए। पीएम आवास के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वीकृत किंतु अप्रारंभ कार्यों को शुरू कराने के लिए कलेक्टर गोयल ने निर्देश दिए।

बैठक में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के नवपदस्थ डीन डॉ.विनीत जैन भी शामिल हुए। कलेक्टर गोयल ने बैठक में मेडिकल कॉलेज में मरीजों के बेहतर उपचार को लेकर चर्चा की। इस दौरान मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नियमित रूप से कचरे का कलेक्शन के लिए नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया। बैठक में कलेक्टर गोयल ने केलो परियोजना में नहर निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुआवजा वितरण और नहर निर्माण के लिए टेंडर के बारे में जानकारी ली।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**आंगनबाडिय़ों में भर्तियां जल्द करें पूरी-** उन्होंने जिले के विभिन्न ब्लॉक्स में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की भर्ती को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल अधिकारी को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कहा सभी ब्लॉक स्तर पर समितियों से आवश्यक कार्यवाही करते हुए भर्ती जल्द पूर्ण कर ली जाए। उल्लेखनीय है कि जिले में 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 377 सहायिकाओं की भर्ती होनी है।

**पुलों के गुणवत्ता परीक्षण कर रिपोर्ट देने के लिए किया निर्देशित-** कलेक्टर गोयल ने बैठक में जिले के ऐसे पुल जो पुराने हो चुके हैं उनका गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश ईई सेतु को दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे पुलों का सर्वे कर रिपोर्ट दें कि कहां रिपेयरिंग और। निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने आगे 10 वर्षों के हिसाब से पुलों की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने रायगढ़ शहर में ट्रैफिक के लिहाज से संकरे केवड़ाबाड़ी और ढिमरापुर में बनी पुलिया के चौड़ीकरण के लिए भी सर्वे कर उसका एस्टीमेट तैयार करने के लिए कहा।

## साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत नटवर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़**

जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत, आज दिनांक 15.10.2024 को डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में नटवर स्कूल में एक साइबर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब और लीनेस क्लब रायगढ़ दिव्य ऊर्जा की टीम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय ने स्कूली छात्रों को ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल और बच्चों से संबंधित साइबर धोखाधड़ी के खतरे से अवगत कराया गया। उन्होंने छात्रों को बताया कि साइबर अपराधी किस तरह से ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से बच्चों के मानसिकता को प्रभावित कर उन्हें गलत कार्यों के लिए उकसाते हैं।

इसके साथ ही, डीएसपी अभिनव ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए, तकनीक का सुरक्षित और सही तरीके से उपयोग करने के महत्व पर बल दिया। प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह और आरक्षक नवीन शुक्ला ने भी बच्चों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी दी, जिससे वे सतर्क रह सकें और साइबर अपराध से बचाव कर सकें।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण सहित लगभग 550 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और इसका लाभ उठाया। लायन/लीनेस रीता श्रीवास्तव, लायन/लीनेस विनिया कारमोरे, और लायन/लीनेस तरुणा साहू की उपस्थिति और सक्रिय सहयोग कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण रही।

## पुसौर पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया, भेजा न्यायिक रिमांड पर

**रायगढ़**

पुसौर पुलिस ने मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपी दिनेश सिदार, पिता लक्ष्मण सिदार, उम्र 21 वर्ष, निवासी औरदा, थाना पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को दिनांक 15.10.2024 की सुबह गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। इस मामले में अन्य आरोपी दीपक सिदार और विधि के साथ संघर्षरत बालक को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

घटना के संबंध में दिनांक 13.10.2024 को संतराम मिर्रे, पिता कुरसों मिर्रे, उम्र 21 वर्ष, निवासी औरदा, थाना पुसौर, जिला रायगढ़ ने थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गणेश विसर्जन के दौरान एक लड़के (विधि के साथ संघर्षरत बालक) ने बिना किसी उकसावे के उसे हाथ-मुक्के से मारा। इसके बाद, संतराम अपने चाचा लालकुमार ओग्रे और मोहल्लेवालों के साथ घोघा तालाब पर गणेश विसर्जन के लिए गया। विसर्जन के बाद जब वे घर लौट रहे थे, तब रात करीब 12:30 बजे सामुदायिक भवन के पास फिर से वही लड़का दीपक सिदार और एक अन्य लड़के को बुलाकर मारपीट करने लगा। बीच-बचाव के दौरान संतराम के चाचा लालकुमार के साथ भी अभद्रता की गई और तीनों ने जान से मारने की नीयत से हाथ-मुक्का और ईंट से मारकर लालकुमार के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें पहुंचाई। घायल को तुरंत मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें उच्च चिकित्सा उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया।

घटना की रिपोर्ट पर थाना पुसौर में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 210/2024 धारा 109(1), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी (टीआई) रोहित बंजारे ने आरोपी दीपक सिदार (उम्र 24 वर्ष) और विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। फरार आरोपी दिनेश सिदार की लगातार तलाश की जा रही थी, जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में निरीक्षक रोहित बंजारे, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर विश्वाल, महिला प्रधान आरक्षक जेनिपा पन्ना, और आरक्षक ओशनिक विश्वाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 : निर्वाचक नामावली एवं पुनरीक्षण तैयार करने हेतु कार्यक्रम जारी

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 10.9.2024 के द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षण करने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम अनुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु वर्तमान तक प्रारंभिक निर्वाचक नामावली तैयार करने बाबत रायगढ़ जिला अंतर्गत स्थित सभी नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायतवार रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति किया जाकर भारत निर्वाचन आयोग की 01.01.2024 की स्थिति में अद्यतन निर्वाचक नामावली प्राप्त कर नगरीय निकायवार तथा पंचायतवार वार्ड विभाजन करते हुए प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार कराकर मुद्रण पश्चात सभी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के नियुक्त रजिस्ट्रीकरण/ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को कार्यक्रम अनुसार 14.10.2024 को जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) रायगढ़ से उपलब्ध करा दिया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर से प्राप्त कार्यक्रम एवं निर्देश के अनुक्रम में जिला स्थित नगरीय निकायों में 16.10.2024 को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन कराया जाना है तथा सभी मतदान केन्दों में नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा दावा/आपत्ति प्राप्त करना 16.10.2024 से प्रारंभ होकर 23.10.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किया जाएगा। प्राप्त/दावा आपत्ति का 29.10.2024 तक रजिस्ट्रीकरण/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा निराकरण किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22.11.2024 को किया जाएगा।

इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत हेतु मुद्रित प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का रजिस्ट्रीकरण/ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 24.10.2024 को प्रारंभिक प्रकाशन किया जाकर दावा/आपत्ति प्राप्त करना प्रारंभ किया जाएगा। दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु 29.10.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक की अवधि नियत है। उक्त अवधि में प्राप्त दावा/आपत्ति का 4.11.2024 तक निराकरण किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 29.11.2024 को किया जाएगा।

## करंट लगने से लाइनमैन की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के मठपुरैना स्थित बिजली विभाग के सब स्टेशन में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां खंभे पर चढक़र मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से एक लाइनमैन की मौत हो गई। यह ममला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 15 अक्टूबर दोपहर करीब 12 बजे की है। मठ पुरैना स्थित एसटीएम वन का लाइनमैन दिलीप जघेल जो ग्राम परसदा का निवासी था। वह 33/11 केवी सब स्टेशन में मरम्मत का काम कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसके दोनों हाथ झुलस गए और नीचे गिरने से सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में बिजली सब स्टेशन के स्टाफ ने घायल कर्मी को कालड़ा नर्सिंग होम, पचपेड़ी नाका में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शाम करीब 7:30 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना टिकरापारा थाने में दी गई।

## जोबी कॉलेज के महिला कबड्डी टीम की शानदार जीत

**रायगढ़**

ग्राम कुसमुरा में मंगलवार को आयोजित हुई सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में सुदूर ग्रामीण अंचल के ग्राम जोबी के शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने अपने बेहतरीन खेल से सरिया महाविद्यालय की टीम को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। इस मैच ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और खिलाडिय़ों की मेहनत ने सबका दिल जीत लिया।

सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा अधिकारी (कोच) वासुदेव प्रसाद पटेल से ट्रेंड जोबी कॉलेज की टीम ने अपने दांव-पेंच और तेजी से सभी को प्रभावित करने का निश्चय किया था। जैसे ही मैच की शुरुआत हुई खिलाडिय़ों का उत्साह देखने लायक था। दोनों टीमों के बीच जोरदार प्रतिस्पर्धा चल रही थी। जोबी कॉलेज की कप्तान कु.सोनम राठिया ने पहले ही राउंड में शानदार कबड्डी का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी रणनीति को बखूबी लागू करते हुए विरोधी टीम के खिलाडिय़ों को एक के बाद एक बाहर करने की कोशिश की। हाफ टाइम तक कांटे की टक्कर चलती रही किन्तु उसके बाद खिलाड़ी जैसे ही मैट पर उतरे जोबी कॉलेज की एक महिला खिलाड़ी कु.धनेश्वरी महंत ने अद्भुत ढंग से एक रक्षात्मक खेल दिखाया। उसने विरोधी टीम की कप्तान को चकमा देकर उन्हें पकड़ लिया, जिससे पूरे मैदान में उत्साह का संचार हो गया। इसके बाद मैच सरिया की खिलाडिय़ों के हाथ से निकल गया और अंतिम कुछ क्षणों में मिले अंकों के आधार पर तय हुई जीत से पूरा मैदान गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि मैच के दौरान प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत भी मौके पर पहुंचे और खिलाडिय़ों का हौसला बढ़ाया और उन्हे उत्साहित किया। इस तरह जोबी कॉलेज की महिला कबड्डी टीम ने जीत हासिल कर प्रतियोगिता के अगले चरण में अपना स्थान पक्का कर लिया।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी जन सामान्य की समस्याएं : आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**

जन सामान्य के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति सप्ताह कलेक्टोरेट परिसर के सृजन सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन के माध्यम से जिले भर से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मौके पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विकासखंड पुसौर के ग्राम तेलीपाली निवासी रूपबाई बंजारे स्कूल बस का परिवहन शुल्क माफ करने के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री कक्षा चौथी में आरटीई के तहत वैदिक इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ में अध्यनरत है। लेकिन उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वह अपनी पुत्री के परिवहन शुल्क चुकाने में असमर्थ है, इसलिए आगे की पढ़ाई गांव की ही स्कूल में करवाना चाहती है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से परिवहन शुल्क माफ करवाकर पुत्री का स्थानांतरण प्रमाण प्रदान करवाने का निवेदन किया। कलेक्टर गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत कौवांताल के आश्रित ग्राम राईतराई एवं ग्राम बुलाकी के ग्रामीणों ने दोनों ग्राम को मिला कर अन्य ग्राम पंचायत बनने की मांग को लेकर आज जनदर्शन में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि उन्हें अपने ग्राम पंचायत जाने के लिए 5 से 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे दोनों ग्राम पंचायत ग्रामों के ग्रामीणों को काफी समस्या होती है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से आग्रह किया कि ग्राम पंचायत कौवांताल के आश्रित ग्राम राईतराई एवं कवंरिहा के आश्रित ग्राम बुलाकी का परिसीमन कर एक ग्राम पंचायत बनाया जाए ताकि ग्रामीणों की समस्या दूर हो सके।

जूटमिल निवासी प्रतीक्षा सिंह आज रोजगार प्राप्ति हेतु आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे गरीबी रेखा अंतर्गत जीवन यापन करते हैं। उन्होंने बताया कि वह एमएससी बॉटनी से अपनी शिक्षा पूर्ण करने पश्चात कंप्यूटर जैसे अन्य योग्यता रखती है। उन्होंने परिवार की जीविका का चलाने हेतु रोजगार उपलब्ध करवाने का निवेदन किया। जिस पर कलेक्टर गोयल ने जिला रोजगार अधिकारी को संबंधित आवदेन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। आवेदक शासकीय उचित मूल्य की दुकान छोटे पडरमुड़ा के प्रभार के एवज में पैसा मंगाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत छोटे पंडरमूडा का शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन सुरभि स्व-सहायता समूह को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजस्व द्वारा संचालित हेतु आदेशित किया गया है। लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारी बनमाली यादव द्वारा अभी तक प्रभार नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से शिकायत किया कि प्रभार देने के लिए रकम की मांग की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बरपाली के हितग्राही जनवरी एवं फरवरी 2024 के राशन की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बरपाली के राशन दुकान संचालक द्वारा जनवरी माह में लगभग 200 हितग्राही एवं फरवरी में 74 हितग्राहियों का मशीन में फिंगरप्रिंट ले लिया गया है, परंतु आज पर्यन्त चावल एवं शक्कर नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कलेक्टर गोयल से शेष राशन अतिशीघ्र प्रदान करवाने का आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने जिला खाद्य अधिकारी को आवेदन की जांच कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में राजस्व, खाद्य, पेयजल, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास जैसे विभिन्न विभागों के आवेदन की प्राप्त हुए थे। कलेक्टर गोयल ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480